छत्तीसगढ़ शासन
विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर (छ.ग.) 492002

क्रमांक 2616/740/21—ब/छ.ग./2017 नया रायपुर, दिनांक ———

प्रति,

15 MAR 2017

राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी,
एन. आई. सी., मंत्रालय, महानदी भवन,
नया रायपुर (छ.ग.)

विषयः— सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन को वेबसाईट में अपलोड करने बाबत्।

संदर्भः— माध्यस्थम अधिकरण, रायपुर के पत्र क्रमांक 644/स्था—83/ छ.ग. मा.अ. /2017 दिनांक 22.02.2017

———000———

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट पर रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की विज्ञप्ति एवं आवेदन का प्रारूप अपलोड करने हेतु छत्तीसगढ़ माध्यस्थम अधिकरण द्वारा इस विभाग को प्रेषित किया गया है।

अतः उक्त पत्र एवं विज्ञप्ति की छायाप्रति छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत् आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न सम्प्रेषित है।

संलग्नः— यथोपरि।

15-3-17
(सेमसिंह मरावी)
अवर सचिव
विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय

एन.आई.सी. स्टेट यूनिट, रायपुर
No. 4365
Date 17/03/17

740/217
3.03.17

कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यस्थम अधिकरण
अभ्युदय परिसर, नगर घड़ी चौक, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष कमांक 0771–2223411

क. 644/स्था–83/छ.ग.मा.अ./2017 रायपुर, दिनांक 22/02/2017

प्रति,

श्रीमान प्रमुख सचिव महोदय,
विधि एवं विधायी कार्य विभाग,
छ.ग.शासन, महानदी भवन,
नया मंत्रालय, नया रायपुर (छ.ग.)

विषयः सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन को वेबसाईट में अपलोड करवाने बाबत् ।

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत् लेख है कि इस अधिकरण में निज सहायक (अनुसूचित जनजाति) एवं शीघ्रलेखक (अनसूचित जनजाति) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया आरंभ की गई है । इस संबंध में नियमावली, निर्देश तथा आवेदन पत्र का प्रारूप इस ज्ञापन के साथ संलग्न किये जा रहे हैं ।

कृपया छ.ग. शासन के वेबसाईट एवं विधि विभाग के वेबसाईट में अपलोड करवाने का कष्ट करें ।

संलग्न – सीधी भर्ती का ज्ञापन एवं
आवेदन पत्र का प्रारूप

22/02/17
रजिस्ट्रार
छ.ग. माध्यस्थम अधिकरण
रायपुर

आवक शाखा
क्रमांक 628
दिनांक 23-3-17

213/2017

कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यस्थम् अधिकरण

तृतीय तल, शहीद वीर नारायण सिंह व्यवसायिक परिसर, नगर घड़ी चौक, रायपुर (छ.ग.)

क. /छ.ग.मा.अ./भर्ती/2017 रायपुर, दिनांक 22.02.2017

सीधी भर्ती 2017 (केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए)

छ.ग. माध्यस्थम अधिकरण में निज सहायक एवं शीघ्रलेखक (बैकलॉग) के रिक्त निम्नलिखित पदों पर अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.03.2017 की संध्या 5.00 तक है।

क.	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	अनुसूचित जनजाति			
			सामान्य	महिला	दिव्यांग	भू.पू.सै.
1.	2.	3.	4	5	6	7
1.	निज सहायक	1	1			
2.	शीघ्रलेखक	1	1	–	–	

1. निज सहायकः–

अ. वेतनमान – वेतन बैंड 9300–34800+ ग्रे.पे. 4300

ब. शैक्षणिक योग्यता –

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण ।
2. छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र रखता हो ।
3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) के साथ एम.एस. वर्ड तथा इंटरनेट/कम्प्युटर का न्यूनतम ज्ञान ।

नोट– एम.ओ.एम. (M.O.M) उत्तीर्ण उम्मीदवार समस्त सेमेस्टर के प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें ।

22/02/17

4(1) यह विज्ञापन केवल अनुसूचित जनजाति के सदस्यों हेतु है । अतः छ.ग. शासन द्वारा घोषित अनुसूचति जनजाति को आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्ष तक छूट दी जायेगी ।

2. **शीघ्रलेखक (स्टेनोग्राफर–अंग्रेजी):–**

अ. वेतनमान – वेतन बैंड 5200–20200 + ग्रे.पे. 2800

ब. शैक्षणिक योग्यता –

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण ।
2. छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र रखता हो ।
3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) के साथ एम.एस. वर्ड तथा इंटरनेट/कम्प्युटर का न्यूनतम ज्ञान ।

नोट– एम.ओ.एम. (M.O.M) उत्तीर्ण उम्मीदवार समस्त सेमेस्टर के प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें ।

आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्तें

1. रोजगार कार्यालय में उनका पंजीयन जीवित हो (कार्यरत शासकीय सेवकों को छूट होगी)

2 अ कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

ब. कोई पुरूष उम्मीदवार, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो, और कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले एक पत्नी जीवित हो, नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

स. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 के या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

3. दिनांक 01.01.2017 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली गई हो परन्तु 35 वर्ष की आयु पूरी न किया हो । छत्तीगसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर के ज्ञापन कमांक – एफ–3–2/2015/1–3, नया रायपुर दिनांक 23.01.2017 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासियों को सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती में एक बार के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 5 वर्ष की छूट कलेण्डर वर्ष 2018 की समाप्ति तक प्रदान की गई है ।

4. उच्चतम आयु सीमा में छूट :–
निम्नलिखित श्रेणी के उम्मीदवारों को अधिकतम सीमा में निम्नानुसार छूट रहेगी:–

4(1) यह विज्ञापन केवल अनुसूचित जनजाति के सदस्यों हेतु है । अतः छ.ग. शासन द्वारा घोषित अनुसूचति जनजाति को आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्ष तक छूट दी जायेगी ।

4(2) महिलाओं की आयु सीमा में शासन के नियमानुसार 10 वर्ष शिथिल हेागा जो उनके वर्ग में मिलने वाली आयु सीमा में छूट के अतिरिक्त होगी ।

4(3) छ.ग. शसन द्वारा आवेदन करने में उम्र के संबंध में छूट दिये जाने संबंधी जो भी परिपत्र जो प्रभावशील हो और उम्मीदवारों पर लागू होते हों, उनके अंतर्गत भी छूट पर विचार किया जायेगा ।

आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकिया

1. आवेदन पत्र विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेंगे । पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 17.03.2017 की संध्या 5.00 बजे तक बंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से पद का नाम उल्लेखित हो, रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ माध्यस्थम अधिकरण, तृतीय तल, शहीद वीर नारायण सिंह व्यवसायिक परिसर, नगर घड़ी चौक, रायपुर, छ.ग. के कार्यालय के नाम से रजिस्टर्ड पोस्ट या स्पीड पोस्ट से भेजे जा सकते हैं अथवा कार्यालय में भी उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा करा सकते हैं ।
2. दिनांक 17.03.2017 की संध्या 5.00 बजे के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।
3. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास आदि से संबंधित प्रमाण पत्र स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना आवश्यक होगा ।
4. जन्मतिथि की सत्यता हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अंकसूची की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें ।
5. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं, उन्हें विभाग प्रमुख द्वारा प्रदत्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा ।
6. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पूर्ण नाम एवं पता लिखे हुए दो लिफाफे पर 10/– रूपये की डाक टिकट चस्पा करते हुए आवश्यक रूप से संलग्न करें। यदि आवेदक द्वारा टिकट चस्पा किये बिना लिफाफा संलग्न किया जाता है तो परीक्षा के संबंध में सूचना प्राप्त नहीं होने की जिम्मेदारी कार्यालय को नहीं होगी।
7. यदि एक से अधिक पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है तो उसे प्रत्येक पद हेतु पृथक पृथक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
8. विज्ञापन प्रकाशन तिथि के पूर्व प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

9. अर्हताधारी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित होने हेतु सूचना दी जायेगी । जिन अर्हताधारी आवेदकों को सूचना प्राप्त न हो तो वे छ.ग. शासन के वेबसाईट **cg.gov.nic.in** से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर आई.डी. प्रुफ जैसे आधार कार्ड/पेनकार्ड/वोटरआईडी/ड्रायविंग लाईसेस/स्मार्ट कार्ड सहित उपस्थित होंगे । यदि उनकी उम्मीदवारी सही पाई गई तो कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सकेगी ।

10. यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

चयन प्रकिया

1. निज सहायक –
   1. कौशल परीक्षा के अंतर्गत उम्मीदवार को 100 शब्द प्रति मिनट की गति से 5 मिनट का अंग्रेजी में डिक्टेशन दिया जायेगा जिसे अभ्यर्थी को डिक्टेशन उपरांत 40 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कम्प्युटर में टाईप कर उसका प्रिंट निकालकर जमा करना होगा । कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित अंक 100 होगा ।
   2. कौशल परीक्षा उपरान्त उम्मीदवार को दस्तावेजों के सत्यापन, योग्यता परीक्षण हेतु उपस्थित होना होगा ।
2. शीघ्रलेखक –
   1. अंग्रेजी स्टेनोग्राफर के पद हेतु उम्मीदवार को 100 शब्द प्रति मिनट की गति से 5 मिनट का अंग्रेजी में डिक्टेशन दिया जायेगा जिसे अभ्यर्थी को डिक्टेशन उपरांत 40 मिनट की समयावधि में शुद्धता से कम्प्युटर में टाईप कर उसका प्रिंट निकालकर जमा करना होगा । कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित अंक 100 होगा ।
   2. कौशल परीक्षा उपरान्त उम्मीदवार को दस्तावेजों के सत्यापन, योग्यता परीक्षण हेतु उपस्थित होना होगा ।

नोट –

1. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा ।
2. चयनित उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
3. चयनित उम्मीदवारों को जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन नियुक्ति दिनांक से 3 माह के अंदर शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान छ.ग. रायपुर से कराकर प्रस्तुत करना होगा अन्यथा सेवा से पृथक किया जा सकेगा ।

4. कार्यालय द्वारा चयनित उम्मीदवार नियुक्ति उपरांत उसका पुलिस व्हेरिफिकेशन भी कराया जायेगा ।

5. चयनित उम्मीदवारों को इस आशय का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध कोई अपराधिक प्रकरण वर्तमान में लंबित नहीं है तथा पूर्व में उसे किसी अपराधिक प्रकरण में दोषसिद्ध नहीं किया गया है ।

6. जिला चिकित्सालय रायपुर के चिकित्सा बोर्ड से फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर ही सेवा में लिया जायेगा ।

7. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति 2 वर्ष की परीविक्षा अवधि पर की जायेगी।

8. चयन उपरांत कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी ।

9. भिन्न भिन्न पदो के लिए परीक्षा को पृथक पृथक किया जा सकेगा ।

संलग्न–आवेदन पत्र का प्रारूप ।

22/02/17

रजिस्ट्रार
छ.ग. माध्यस्थम अधिकरण
रायपुर

आवेदन पत्र का प्रारूप

(निज सहायक (अ.ज.जा.)/शीघ्रलेखक(अ.ज.जा.)
(जिस पद के लिए आवेदन करें उसे, टिक करें)

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो

प्रति,

रजिस्ट्रार,
छत्तीसगढ़ माध्यस्थम अधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम

2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में)

3. आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी में केपिटल अक्षर में)

4. लिंग (V अंकित करें) पुरूष ☐ महिला ☐

5. पिता/पति का नाम

6अ. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता

ब. स्थायी पता (यदि उपरोक्त से भिन्न न हो तो "तदैव' लिखें)

स. मोबाईल नंबर

7.अ. जन्म तिथि अंकों में दिन ☐☐ माह ☐☐ वर्ष ☐☐☐☐

शब्दों में जन्म तिथि

ब. दिनांक 01.01.2017 को आयु .....वर्ष.....माह.....दिन

8. क्या आवेदक छ.ग. का मूल निवासी है ? (जो लागू न जो उसे काट दें) हां / नहीं
(यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

9. क्या आवेदक छ.ग. शासन के लिए घोषित अनुसूचित जनजाति का सदस्य है ?
(यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

10. क्या आवेदक दिव्यांग है ?
(यदि हां, तो दिव्यांग संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)

11. यदि दिव्यांग है तो– दिव्यांगता का प्रकार

12. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हां | नहीं
(यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक

14. रोजगार कार्यालय का नाम.....

15. क्या आवेदक विवाहित है ? हां | नहीं

16. यदि विवाहित है , तो विवाह की तिथि

17. जीवित बच्चों की संख्या .....

क्रमांक	बच्चे का नाम	लिंग(स्त्री/पुरूष)	बच्चे की जन्मतिथि

19. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता (प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

क.	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण होने का वर्ष	बोर्ड/वि.वि. का नाम	विषय	प्राप्तांक/पूर्णांक एवं प्रतिशत

20. क्या आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत है ?
(यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

हां	नहीं

21. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1.

2.

3.

4.

5.

टीप– स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित दस्तावेज मान्य किये जायेंगे ।

घोषणा

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये झूठे पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी ।

दिनांक
स्थान

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम एवं पूरा पता

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम एवं पूरा पता